Regarding stoppage of Train No. 14803/14804 at Dhanera Railway Station in Banaskantha Parliamentary Constituency-laid

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल **(बनासकांठा):** साबरमती से जैसलमेर चलने वाली ट्रेन नंबर 14803-14804 राजस्थान के रामदेवरा से होकर गुजरती है, इस ट्रेन का स्टॉपेज मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत धानेरा में नहीं होने की वजह से वहां के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है I ज्ञात हो कि मेरे संसदीय क्षेत्र के धानेरा, थराद और पांथावाडा की अधिकतर धर्म प्रेमी जनता जो रामदेवरा में रामदेवपीर के श्रद्धालु हैं, वो लोग काफी संख्या में रामदेवरा जाते हैं परन्तु ट्रेन की सीधी सुविधा नहीं होने के कारण उनको काफी कठिनाई होती है I इस ट्रेन का स्टॉपेज यदि मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकाढा के धानेरा में हो जाये तो बड़ी संख्या के श्रद्धालुओं को ट्रेन का लाभ मिलेगा I इसलिए माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है की इस ट्रेन का ठहराव धानेरा रेलवे स्टेशन में किया जाये जिससे वहां के और आसपास के निवासियों को रामदेवरा जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े I